**खबर संक्षेप**

## पेट्रोल पंप कर्मचारी पर बेसबॉल के डंडे से हमला, हालत गंभीर

**सतना।** नागौद क्षेत्र के बिचपुरिया पेट्रोल पंप पर पैसों के विवाद को लेकर एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहाँ 'बल्लू मुसलमान' नामक युवक का पंप कर्मचारी धीरू से खुले पैसों को लेकर विवाद हो गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,आरोपी पहले विवाद कर वहां से चला गया,लेकिन कुछ देर बाद अचानक वापस लौटा और धीरू के सिर पर बेसबॉल के डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में कर्मचारी को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## मैहर NH-30 पर दर्दनाक हादसाः पिकअप की टक्कर से बुजुर्ग महिला श्रद्धालु की मौत

**मैहर।** नेशनल हाईवे 30 पर एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने पैदल जा रही एक बुजुर्ग महिला श्रद्धालु को रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई,जिन्हें पुलिस ने समझाइश देकर शांत कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मैहर अस्पताल भेज दिया है और फरार वाहन व चालक की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

## खाने में गिरी छिपकली, एक ही परिवार के 6 सदस्य हुए फूड पॉइजनिंग का शिकार



**सतना।** शहर में लापरवाही के चलते एक बड़ा हादसा हो गया,जहाँ भोजन में छिपकली गिर जाने से उसे खाने वाले एक ही परिवार के 6 लोग बीमार हो गए। खाना खाने के कुछ देर बाद ही सभी की तबीयत बिगड़ने लगी,जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल सभी का उपचार जारी है।

## कांग्रेस की संगठनात्मक बैठकः कार्यकर्ताओं में भरी नई ऊर्जा

**मैहर।** आगामी राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने के लिए कांग्रेस ने मैहर में अपनी ताकत झोंक दी है। शनिवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव और मध्य प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत समारोह और संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। मधुवन गार्डन में आयोजित इस बैठक में बूथ मजबूती और जनसंपर्क अभियान पर विशेष जोर दिया गया। प्रभारी हरीश चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे सक्रिय रूप से जमीनी स्तर पर जनता के बीच जाएँ और कांग्रेस की विचारधारा को प्रभावी ढंग से रखें। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई सहित कई वरिष्ठ नेता और विधायक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों और जनहित के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।इस आयोजन को कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है,जहाँ बड़ी संख्या में जिला पदाधिकारियों,महिला कांग्रेस और एनएसयूआई के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

# मैहर में उमड़ा आस्था का सैलाबः चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन हजारों भक्तों ने किए मां शारदा के दर्शन



सतना/मैहर। चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर समूचा जिला धर्ममय हो गया है। सुबह की पहली किरण के साथ ही देवालयों में भक्तों की लंबी-लंबीकतारें दिखाई दे रही हैं। विशेष रूप से पड़ोसी जिले मैहर में स्थित मां शारदा के दरबार में मत्था टेकने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। त्रिकूट पर्वत पर विराजमान मां शारदा के दर्शन के लिए प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की गई हैं।

### विविध माध्यमों से दरबार पहुंच रहे श्रद्धालु

पर्वत पर स्थित मंदिर तक पहुंचने के लिए भक्त अपनी श्रद्धा और सुविधा अनुसार सीढ़ियों,निजी वाहनों (वैन मार्ग) और रोपवे का सहारा ले रहे हैं।नवरात्रि के दूसरे दिन हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर के पट खुलते ही आरती और भोग के पश्चात दर्शनों का जो सिलसिला शुरू हुआ,वह देर शाम तक अनवरत जारी रहा।



### भक्ति और अनुष्ठान का संगम

एक ओर जहां मां आदिशक्ति के नौ स्वरूपों की आराधना की जा रही है,वहीं दूसरी ओर रामनवमी के उपलक्ष्य में भी धार्मिक आयोजनों का श्री गणेश हो चुका है। जगह-जगह भंडारे और कन्या पूजन के आयोजन हो रहे हैं। भक्त नौ दिनों के कठिन व्रत के साथ-साथ प्रतिपदा,पंचमी और अष्टमी-नवमी की तिथियों पर विशेष उपासना कर रहे हैं। कई स्थानों पर बोए गए 'जवारा' की सेवा की जा रही है, जिनका विसर्जन नौवें दिन जलाशयों में किया जाएगा। मंदिरों और घरों में श्रीरामचरितमानस के नवाहपरायण पाठ की गूंज सुनाई दे रही है।

### भक्ति का अनूठा प्रदर्शनः माँ शारदा को अर्पित की 151 मीटर की चुनरी

मैहर की अधिष्ठात्री देवी माँ शारदा के प्रति भक्तों की अटूट श्रद्धा देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत इटमा के सैकड़ों ग्रामीण और श्रद्धालु 151 मीटर लंबी चुनरी लेकर पदयात्रा करते हुए मंदिर पहुँचे। इस विशाल चुनरी को बनाने में ग्रामवासियों ने विशेष उत्साह दिखाया। महिला,पुरुष और बच्चों का यह जत्था सुबह इटमा से रवाना हुआ और भजन-कीर्तन करते हुए पैदल ही त्रिकूट पर्वत स्थित माँ के दरबार पहुँचा।चुनरी यात्रा के दौरान रास्ते भर माता के जयकारे गूँजते रहे।मंदिर प्रांगण पहुँचने के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और माँ शारदा को यह चुनरी समर्पित की गई। भक्तों का मानना है कि इस तरह के सामूहिक आयोजनों से क्षेत्र में सुख-समृद्धि आती है। नवरात्रि के दौरान मैहर में इस तरह की कई धार्मिक यात्राएं और चुनरी भेंट करने के कार्यक्रम लगातार आयोजित हो रहे हैं।

### रेलवे की विशेष पहलः15 जोड़ी ट्रेनों का ठहराव

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन के साथ-साथ रेलवे ने भी मुस्तैदी दिखाई है।बाहरी जिलों और अन्य प्रदेशों से आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने 15 जोड़ी ट्रेनों का मैहर स्टेशन पर विशेष ठहराव (स्टॉपेज) दिया है। ये ट्रेनें स्टेशन पर 5 मिनट तक रुकेंगी,जिससे बुजुर्गों और बच्चों सहित सभी यात्रियों को चढ़ने-उतरने में सुगमता होगी। निजी वाहनों और बसों के माध्यम से भी हजारों लोग मैहर पहुंच रहे हैं,जिससे पूरा वातावरण 'जय माता दी' के जयकारों से गुंजायमान है।

### विविध माध्यमों से दरबार पहुंच रहे श्रद्धालु

पर्वत पर स्थित मंदिर तक पहुंचने के लिए भक्त अपनी श्रद्धा और सुविधा अनुसार सीढ़ियों,निजी वाहनों (वैन मार्ग) और रोपवे का सहारा ले रहे हैं।नवरात्रि के दूसरे दिन हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर के पट खुलते ही आरती और भोग के पश्चात दर्शनों का जो सिलसिला शुरू हुआ,वह देर शाम तक अनवरत जारी रहा।

### भक्ति का अनूठा प्रदर्शनः माँ शारदा को अर्पित की 151 मीटर की चुनरी

मैहर की अधिष्ठात्री देवी माँ शारदा के प्रति भक्तों की अटूट श्रद्धा देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत इटमा के सैकड़ों ग्रामीण और श्रद्धालु 151 मीटर लंबी चुनरी लेकर पदयात्रा करते हुए मंदिर पहुँचे। इस विशाल चुनरी को बनाने में ग्रामवासियों ने विशेष उत्साह दिखाया। महिला,पुरुष और बच्चों का यह जत्था सुबह इटमा से रवाना हुआ और भजन-कीर्तन करते हुए पैदल ही त्रिकूट पर्वत स्थित माँ के दरबार पहुँचा।चुनरी यात्रा के दौरान रास्ते भर माता के जयकारे गूँजते रहे।मंदिर प्रांगण पहुँचने के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और माँ शारदा को यह चुनरी समर्पित की गई। भक्तों का मानना है कि इस तरह के सामूहिक आयोजनों से क्षेत्र में सुख-समृद्धि आती है। नवरात्रि के दौरान मैहर में इस तरह की कई धार्मिक यात्राएं और चुनरी भेंट करने के कार्यक्रम लगातार आयोजित हो रहे हैं।

### रेलवे की विशेष पहलः15 जोड़ी ट्रेनों का ठहराव

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन के साथ-साथ रेलवे ने भी मुस्तैदी दिखाई है।बाहरी जिलों और अन्य प्रदेशों से आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने 15 जोड़ी ट्रेनों का मैहर स्टेशन पर विशेष ठहराव (स्टॉपेज) दिया है। ये ट्रेनें स्टेशन पर 5 मिनट तक रुकेंगी,जिससे बुजुर्गों और बच्चों सहित सभी यात्रियों को चढ़ने-उतरने में सुगमता होगी। निजी वाहनों और बसों के माध्यम से भी हजारों लोग मैहर पहुंच रहे हैं,जिससे पूरा वातावरण 'जय माता दी' के जयकारों से गुंजायमान है।

### भक्ति और अनुष्ठान का संगम

एक ओर जहां मां आदिशक्ति के नौ स्वरूपों की आराधना की जा रही है,वहीं दूसरी ओर रामनवमी के उपलक्ष्य में भी धार्मिक आयोजनों का श्री गणेश हो चुका है। जगह-जगह भंडारे और कन्या पूजन के आयोजन हो रहे हैं। भक्त नौ दिनों के कठिन व्रत के साथ-साथ प्रतिपदा,पंचमी और अष्टमी-नवमी की तिथियों पर विशेष उपासना कर रहे हैं। कई स्थानों पर बोए गए 'जवारा' की सेवा की जा रही है, जिनका विसर्जन नौवें दिन जलाशयों में किया जाएगा। मंदिरों और घरों में श्रीरामचरितमानस के नवाहपरायण पाठ की गूंज सुनाई दे रही है।

## चाँद के दीदार के साथ फिज़ाओं में घुली ईद की मिठास, आज मनाया जाएगा भाईचारे का जश्न

### रमज़ान की विदाई और ईद-उल-फ़ित्र की आमद से बाज़ारों में बढ़ी रौनक



**सतना।** रमज़ान-उल-मुबारक का मुक़द्दस महीना इख़्तिताम (समाप्त) होने के साथ ही आसमान में ईद का चाँद नज़र आ गया है। चाँद की दिलनशीं झलक ने जहाँ एक ओर इबादत के महीने की विदाई की तस्दीक़ की,वहीं दूसरी ओर खुशियों, मोहब्बत और मुसर्रत का पैग़ाम लेकर 'ईद-उल-फ़ित्र' की दस्तक दे दी है।चाँद का दीदार होते ही शहर भर में जश्न का माहौल है और हर तरफ ईद मुबारक की सदाएँ गूँजने लगी हैं।

### सब्र और इबादत का इनाम है ईद

वरिष्ठ समाजसेवी शेरू खान ने इस मुबारक मौके पर क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि ईद का चाँद नज़र आना इस बात का प्रतीक है कि रमज़ान का मुक़द्दस महीना मुकम्मल हुआ। उन्होंने कहा,ईद सिर्फ़ एक त्योहार नहीं,बल्कि यह दिलों को जोड़ने,रिश्तों को मज़बूत करने और आपसी गिले-शिकवे भुलाकर गले मिलने का दिन है।यह दिन अल्लाह की ओर से उन बंदों के लिए इनाम है जिन्होंने पूरे महीने सब्र,इबादत और नेकियों के साथ रोज़े रखे। ईद-उल-फ़ित्र का एक अहम पहलू 'सदक़ा-ए-फ़ित्र' है। शेरू खान ने ज़ोर देते हुए कहा कि इस्लाम की तालीम हमें सिखाती है कि हमारी खुशियाँ तभी मुकम्मल हैं जब हमारे गरीब और ज़रूरतमंद भाई-बहन भी उसमें शामिल हों। उन्होंने अपील की कि लोग फितरा और ज़कात अदा कर समाज में बराबरी और रहमदिली की मिसाल पेश करें।

### तैयारियाँ मुकम्मल, बाज़ारों में शबाब पर रौनक़

शहर की प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की विशेष नमाज़ के लिए तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। बाज़ारों में देर रात तक खरीदारी का सिलसिला जारी रहा। कहीं सेवइयों और मिठाइयों की खुशबू महक रही है,तो कहीं नए कपड़ों और ईदी की चाह में बच्चों के चेहरों पर मासूम मुस्कान बिखरी हुई है। प्रशासन ने भी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुख़्ता इंतज़ाम किए हैं।

# सतना और मैहर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकीः तमिल भाषा में आए ईमेल से हड़कंप





**सतना।** विंध्य क्षेत्र के दो प्रमुख जिलों,सतना और मैहर के न्यायिक परिसरों में शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया,जब जिला न्यायालय की आधिकारिक ईमेल आईडी पर एक सनसनीखेज धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ। अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा भेजे गए इस ईमेल में कोर्ट परिसर और न्यायाधीशों के दफ्तरों को जहरीली गैस के बमों से उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। इस सूचना के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने मोर्चा संभाल लिया और दिनभर कोर्ट परिसर छावनी में तब्दील रहे।

### तड़के 5:34 बजे आया ईमेल,तमिल भाषा का प्रयोग

जानकारी के अनुसार,यह धमकी भरा ईमेल शुक्रवार तड़के सुबह 5:34 बजे भेजा गया था। सुरक्षा अधिकारियों के लिए सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि पूरा संदेश तमिल भाषा में लिखा गया था। ईमेल में दावा किया गया था कि कोर्ट परिसर और न्यायाधीशों के कक्षों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर 15 जहरीली गैस के बम लगाए गए हैं। भेजने वाले ने चेतावनी दी थी कि दोपहर 1 बजे इन बमों में विस्फोट कर दिया जाएगा।

### अलर्ट मोड पर प्रशासन,सघन तलाशी अभियान

धमकी मिलने के तुरंत बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को मामले की गंभीरता से अवगत कराया। इसके बाद पूरे जिले की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया। सतना जिला मुख्यालय के साथ-साथ मैहर,अमरपाटन और अन्य तहसील न्यायालयों की तत्काल घेराबंदी की गई।

बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड की टीमों ने कोर्ट के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली। पुलिस बल ने पार्किंग एरिया,अधिवक्ताओं के चैंबर और न्यायाधीशों के कक्षों की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान कोर्ट परिसर में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की सघन चेकिंग की गई,जिससे वकीलों और पक्षकारों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### साइबर सेल खंगाल रही है आईपी एड्रेस

नगर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा,न्यायालयों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। पुलिस बल तैनात है और सघन तलाशी ली जा चुकी है। फिलहाल कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। पुलिस की साइबर विंग अब इस बात की तकनीकी जांच कर रही है कि यह ईमेल किस सर्वर और आईपी एड्रेस से भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में यह किसी की शरारत या सनसनी फैलाने की कोशिश भी लग रही है,लेकिन तमिल भाषा के इस्तेमाल ने जांच के दायरे को बढ़ा दिया है। पुलिस जल्द ही आरोपी तक पहुंचने का दावा कर रही है।

### मेल कहां से आया पुलिस जांच कर रही : एसपी

पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने बताया,फिलहाल जांच जारी है और अभी तक कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। हम पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस अब उस ईमेल आईडी की जांच कर रही है जिससे यह सूचना भेजी गई थी,ताकि आरोपी की पहचान की जा सके।

## सिंधी समाज ने निकाली भव्य बाइक रैली, चेटीचंड की धूम



**मैहर।** भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव 'चेटीचंड' के उपलक्ष्य में मैहर के सिंधी समाज द्वारा शहर में एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ सिंधी गुरुद्वारे से हुआ,जिसके बाद यह कटनी रोड,अलाउद्दीन चौक,पुरानी बस्ती और घंटाघर होते हुए पूरे शहर में घूमी। 'जय झूलेलाल' के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस रैली में समाज के युवाओं के साथ-साथ महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में एकजुटता का संदेश देना और अपनी संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना था। रैली के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि चेटीचंड सिंधी नववर्ष का प्रतीक है। रैली के समापन पर सिंधी धर्मशाला में विशेष पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन ने शहर में सांप्रदायिक सौहार्द और धार्मिक उल्लास की एक सुंदर छटा बिखेरी।

## चेटीचंड की धूमः 'जय झूलेलाल' के जयकारों से गूंजा शहर, भव्य स्कूटर रैली और शोभायात्रा



**सतना।** सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल जी का जन्मोत्सव (चेटीचंड) सतना शहर में हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। शुक्रवार को पूरा शहर 'जय झूलेलाल' और 'झूलेलाल जी की जय-जयकार' के उद्घोष से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर सिंधी समाज द्वारा भव्य स्कूटर रैली और आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई,जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।



### केसरिया ध्वजों से पटा शहर, स्कूटर रैली में दिखा उत्साह

जन्मोत्सव की शुरुआत सुबह ऊर्जावान स्कूटर रैली के साथ हुई। रैली में युवा,बुजुर्ग और महिलाएं केसरिया साफा बांधे और हाथों में भगवान झूलेलाल के ध्वज लिए शामिल हुए। दोपहिया वाहनों पर सवार श्रद्धालु भक्ति संगीत की धुनों पर थिरकते नजर आए। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी,जहां जगह-जगह पुष्प वर्षा कर समाज का स्वागत किया गया। शाम को भगवान श्री झूलेलाल जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान की सुंदर झांकी आकर्षण का केंद्र रही। भजन-कीर्तनः मार्ग भर श्रद्धालु छेज (सिंधी लोक नृत्य) करते और भजन गाते रहे।विभिन्न स्थानों पर स्टाल लगाकर श्रद्धालुओं के लिए शरबत,फल और विशेष प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। पुलिस प्रशासन द्वारा रैली और शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे ताकि यातायात सुगम बना रहे। सिंधी समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि चेटीचंड का यह पर्व न केवल नए साल की शुरुआत है, बल्कि यह आपसी भाईचारे और सेवा का प्रतीक है। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और बहराणा साहिब का आयोजन भी किया गया,जिसमें समाज की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

## खबर संक्षेप

### वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण आज

**स्लीमनाबाद।** बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया बाकल में राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा द्वारा सांसद निधि से नवनिर्मित वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की भव्य प्रतिमा का अनावरण आज शुक्रवार को होगा। कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह ने बताया कि वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी भव्य प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम मै मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता साधना भारती सहित अन्य प्रमुख नेताओं का आगमन होगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिंह ने जिले के पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं आम नागरिकों से बड़ी संख्या में बाकल पिपरिया पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### श्रीमद्भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**उमरियापान।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर पोंडी खुर्द के बाजार मैदान स्थित भैरव बाबा मंदिर के समीप श्रीमद्भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ श्रद्धा एवं उत्साह के साथ हुआ।पहले दिन गुरुवार को गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा पंडाल पहुंची। ओंकारेश्वर से पधारे स्वामी उमाशंकर चैतन्य ने श्रीमद्भागवत कथा के साथ-साथ श्रीमद्भगवद्गीता के 18 अध्यायों का विस्तृत निरूपण प्रारंभ किया।कथावाचन के दौरान सर्वांगयोग, रामायण, महाभारत, वेद एवं पुराणों के समन्वित प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान किया जा रहा है।

### भावांतर योजनांतर्गत के तहत सरसों पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** भावांतर योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर ई-उपार्जन पोर्टल पर सरसों के पंजीयन की अंतिम तिथि 20 मार्च है। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने किसान भाईयों से निर्धारित तिथि में अपना पंजीयन कराने का आग्रह किया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में गेहूँ पंजीयन के लिए निर्धारित 55 पंजीयन केन्द्रों में ही सरसों का पंजीयन किया जा रहा है। उपसंचालक कृषि ने बताया कि भावांतर योजनांतर्गत सरसों हेतु विक्रय अवधि 23 मार्च से 30 मई नियत की गई है। योजना सिर्फ राज्य की अधिसूची मंडियों में ही मान्य है। उन्होंने कृषकों से अपील है कि भावांतर योजना का लाभ उठाने हेतु अपनी सरसों फसल का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें।

### गौरा में नाली निर्माण नही होने से ग्रामीण परेशान

**सिलौंडी।** ग्राम पंचायत गौरा में अधिकांश मोहल्लो में नाली नही है जिसके कारण गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है ग्रामीणों ने बताया कि गांवों में सालों बाद भी नाली निर्माण नही होने से ग्रामीण परेशान है ।गांव के लोगों ने शासन प्रशासन से मांग किया है कि गांव में जल्द से जल्द नाली निर्माण का कार्य हो ।

### क्वालिटी कंट्रोल लैब का निरीक्षण कर लिया जायजा

**कटनी।** जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने जनपद पंचायत कटनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत इमलिया में जिला स्तरीय क्वालिटी कंट्रोल प्रयोगशाला का औचक निरीक्षण कर संधारित रजिस्टर और सह अभिलेखों का अवलोकन कर जायजा किया। इस दौरान सुश्री कौर ने लैब में तकनीकी संयंत्रों और उपकरणों को करीब से देखा और इनके उपयोग और टेस्ट रिपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया के संबंध में बारीकी से जानकारी ली। अभिलेखों का अवलोकन करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने मटेरियल परीक्षण संबंधी जानकारियों को वृहद रूप से उल्लिखित करने हेतु अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जनपद पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप सिंह, परियोजना अधिकारी मनरेगा ऋषिराज चढ़ार आदि मौजूद रहे।

# पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने पन्ना में कांग्रेस के लिये जगाई अलख

## घर-घर जाकर दिग्गजों को याद दिलाया कांग्रेस में फूंकी जान

### कांग्रेस के कद्दावर नेता महेन्द्र दीक्षित एक बार फिर सक्रिय राजनीति की ओर अजय सिंह राहुल के आने से कयासों का दौर

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल का दौरा पन्ना जिला मुख्यालय में कांग्रेस में जान फूंकने का कार्य को लेकर माना गया, यहां कई कांग्रेस के दिग्गज जो कांग्रेस में होते हुये भी कांग्रेस में नजर नहीं आते थे आज घर-घर जाकर कांग्रेस में अलख जगाने जैसा कार्य कांग्रेस में एक जुटता को लेकर एक बार फिर जिले की राजनीति में हलचल।



**पन्ना।** राजनीति में कभी भी भूचाल की तरह अलग ही चाल नजर आ जाती है अचानक पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल जो बुन्देलखण्ड की यात्रा कर रहे है उसी क्रम में पन्ना जिला मुख्यालय पहुंचे जहां इनकी सोच कांग्रेस में एकजुटता को लेकर सभी पूर्व नेताओं के घर-घर पहुंचकर कांग्रेस में जान फूंकने का कार्य किया गया। निष्चित ही कांग्रेस के ये नेता अगर सभी एक जुट हो जाते है तो भाजपा के नेताओं में कौन होगा जो कांग्रेस प्रत्याषी का मुकाबला करेगा क्योंकि इसमें कोई संदेह नहीं अगर कांग्रेस कांग्रेस को न हराये तो विजयपथ का मार्ग जो सतत भाजपा का जारी है इसमें कहीं न कहीं विराम तो लग ही सकता है। राजनीति में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल का दौरा इनके स्व0 पिता पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह जी के समय से जो कांग्रेस में नेता जुड़े थे एक बार फिर राहुल भैया ने उनके घर-घर पहुंचकर अपनापन की राजनीति को दिषा दी जिससे राजनैतिक गलियारों में हलचल जरूर चल पड़ी। वहीं कांग्रेस के दिग्गज नेता महेन्द्र दीक्षित जिनकी राजनीति एक समय पर सुर्खियों में जानी जाती थी वहीं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया जो महेन्द्र दीक्षित जी के निवास में पहुंचकर राजनैतिक गुप्तगू आखिरकार कांग्रेस के लिये एक बार फिर कहीं न कहीं शक्ति की दिषा नवदुर्गा पर्व में जहां शक्ति की आराधना व पूजा जो जानी जाती है शायद कांग्रेस में ये दिन मां के आर्षीवाद से शक्ति को बढाने के लिये आज का दिन जाना जायेगा। जिस तरह से महेन्द्र दीक्षित जैसे दिग्गज अगर कांग्रेस में सक्रिय भूमिका निभायेंगे तो कहीं न कहीं इस सीट में कांग्रेस की ताकत में इजाफा तो माना ही जायेगा। भले ही श्रीकांत दीक्षित उर्फ पप्पू दीक्षित की ताकत को कमजोर करने के लिये यह समय जो चर्चा में था शायद आज का दौरा कई दिग्गजों को एक जुट करने को लेकर कांग्रेस में महाषक्ति बनाने का कार्य पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल की रणनीति राजनैतिक गलियारों में चर्चा का विषय।

# डॉ. केपी राजपूत के अस्पताल में पहुंचकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने साबित किया कांग्रेस में कहीं न कहीं राजपूत को लेकर संघर्ष का परिणाम

**पन्ना।** बीते विधानसभा चुनाव के बाद से डॉ0 के0पी0 राजपूत जो अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीएमओ पद पर रहकर कहीं न कहीं अच्छे चिकित्सक के रूप में जो जाने जाते थे विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद पन्ना विधायक पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने जहां चुनाव में राजनीति में कहीं न कहीं के0पी0 राजपूत को हस्ताक्षेत्र या जिम्मेदार मानते हुये विरोध को लेकर कई बार निशाने में लिया। आज वह निशाना हुआ साबित क्योंकि विधानसभा चुनाव के कांग्रेस के प्रत्याशी भरत मिलन पाण्डेय के साथ पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल का डॉ0 के0पी0 राजपूत के अस्पताल पहुंचना वहीं के0पी0 राजपूत से सीधे गुप्तगू कहीं न कहीं इस बात की पुष्टि करती है कि पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने राजपूत को





लेकर जो जिम्मेदार माना था वहीं राजपूत भी विरोध के बाद भी कहीं झुके नहीं कांग्रेस पार्टी आज अपनी नजदीकियां डॉ0 राजपूत के साथ सीधे पटल पर जोड़कर चल पड़ी। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल का डॉ0 राजपूत के अस्पताल में पहुंचकर उनसे भेंट करना कहीं न कहीं डॉ0 राजपूत के कद का आंक्कलन किया गया। तभी तो पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल डॉ0 राजपूत से मिलने पहुंचे। राजनैतिक गलियारों में कहीं न कहीं तरह-तरह की चर्चायें व्याप्त क्या लोधी समाज का नेतृत्व डॉ0 राजपूत करने के मूड में तभी तो सक्रिय भूमिका व संघर्ष विरोध के चलते सुर्खियों में डॉ0 राजपूत।

# केन-बेतवा परियोजना में मुआवजा घोटाले के आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश





**अमानगंज।** केन-बेतवा लिंक परियोजना के तहत क्षेत्र में हो रहे विस्थापन को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। कटेहरी, बिलहटा सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने पटवारी एवं सहायक सचिव पर मुआवजा प्रक्रिया में अवैध वसूली करने के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, शासन द्वारा दी जा रही मुआवजा राशि में गड़बड़ी की जा रही है। आरोप है कि मुआवजा तैयार करने से पहले ही लोगों से कमीशन लिया गया, वहीं कुछ मामलों में फर्जी स्थानों का मुआवजा तैयार कर दिया गया। प्रभावित गांवों में कटेहरी, बिलहटा, कोनी, मझौली और गिधन पटा शामिल हैं, जहां के लोगों ने बताया कि विस्थापन के नाम पर उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिन लोगों ने पैसे दिए, उनके मुआवजे शीघ्र और अधिक राशि में स्वीकृत किए गए, जबकि अन्य लोग अब भी कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। कुछ ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि उनकी वास्तविक जमीन के स्थान पर अन्य स्थानों का मुआवजा तैयार किया गया, जिससे वे अपने अधिकार से वंचित हो रहे हैं। मामले को लेकर क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। अब देखना होगा कि प्रशासन इन आरोपों को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या जांच के बाद सच्चाई सामने आ पाती है।

### त्यौहारों के दृष्टिगत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी निर्धारित

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर चैत्र नवरात्रि पर्व सहित 21 मार्च को ईद उल फितर, 27 मार्च को रामनवमी तथा 31 मार्च को महावीर जयंती पर्व पर शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुविभागीय एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी निर्धारित की गई है, जिसके तहत पन्ना जिला अंतर्गत संबंधित अनुभाग एवं तहसील क्षेत्र में एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को कानून व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुविभागीय मजिस्ट्रेट एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रूप में कर्त्तव्यों का निर्वहन करने के लिए दायित्व सौंपे गए हैं। आयोजन के दौरान समस्त अनुविभागीय मजिस्ट्रेट एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र अंतर्गत कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उत्तरदायी होंगे। साथ ही समय-समय पर उत्पन्न गतिविधियों की सूचना से अपर जिला मजिस्ट्रेट तथा जिला मजिस्टेट को अवगत कराया जाएगा।

# बुंदेलखंड यात्रा पर पन्ना पहुंचे पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, भाजपा पर जमकर बरसे

**पन्ना।** मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह राहुल अपनी बुंदेलखंड यात्रा के दौरान आज, 20 मार्च को पन्ना पहुंचे। इंद्रपुरी स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने वीरांगना अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय अर्जुन सिंह (दाऊ साहब) के छायाचित्र पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए अजय सिंह राहुल ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला और कांग्रेस की सेवा भावना को उजागर किया। उन्होंने कहा, ष्भाजपा शोषण की राजनीति करती है, जबकि कांग्रेस सेवा की राजनीति में विश्वास रखती है। अपनी बुंदेलखंड यात्रा के उद्देश्य के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, ष्मैं पिछले तीन दिनों से बुंदेलखंड की यात्रा पर हूं। इस दौरान मुझसे मीडिया के एक साथी ने पूछा कि मैं यह यात्रा क्यों कर रहा हूं। मैंने उन्हें बताया कि मैं दाऊ साहब के उन पुराने कार्यकर्ताओं से मिलने निकला हूं जिन्होंने पार्टी के लिए वर्षों तक निस्वार्थ भाव से कार्य किया है। बुंदेलखंड की राजनीतिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, ष्बुंदेलखंड के अंदर भाजपा के बड़े नेता कांग्रेस के नेताओं को दबाने का काम कर रहे हैं। हम सभी को एकजुट होकर इसका मुकाबला करने की आवश्यकता है।ष् उन्होंने पार्टी के भीतर एकता पर जोर देते हुए कहा, ष्टिकट किसी को भी मिले, हमारा मुख्य लक्ष्य अपनी पार्टी को जिताने का होना चाहिए। यदि पार्टी नहीं जीती तो उस टिकट का क्या होगा? भाजपा सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, ष्यदि कोई कांग्रेस समर्थक बीमार पड़ जाए, तो हमारे कहने पर मुख्यमंत्री केवल 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देते हैं। वहीं, यदि भाजपा के लोग मांगें तो उन्हें तीन-चार लाख रुपये दिए जाते हैं। आगामी विधानसभा चुनाव की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, ष्2028 में भाजपा सरकार को 25 वर्ष हो जाएंगे। नई पीढ़ी को शायद यह भी पता नहीं होगा कि मध्य प्रदेश में कभी कांग्रेस की सरकार भी रही होगी।ष् उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा, ष्हमें किसी से भी डरने की आवश्यकता नहीं है। हमें अपने आप को मजबूत बनाकर भाजपा के कुशासन से लड़ना है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान ने अजय सिंह राहुल



का स्वागत किया और उनकी तारीफ की। उन्होंने कहा, ष्हमारे पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक अजय सिंह राहुल भैया ने हमेशा सदन के अंदर और सड़क पर दलित, शोषित और कमजोर तबके की आवाज को बुलंद किया है। आज पन्ना में उनके आने से कांग्रेस परिवार के प्रत्येक सदस्य में उत्साह का संचार हुआ है।ष् उन्होंने आने वाले चुनाव में पार्टी की जीत के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए कहा, ष्आने वाले चुनाव में हम सभी मिलकर जिले की तीनों सीटों पर पार्टी के द्वारा दिए गए प्रत्याशी को जिताने का काम करेंगे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल के दौरे के समय पार्टी के वरिष्ठ नेता पदाधिकारी और काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कांग्रेस जनों के निवास पर पहुंचे की मुलाकात

पूर्व नेता प्रतिपक्ष आज कांग्रेस पार्टी के कांग्रेस नेता महेंद्र दीक्षित, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष शिवाजीत सिंह भैया राजा, वरिष्ठ नेता राजेश तिवारी, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी, पूर्व सदर स्वर्गीय जमीन मोहम्मद जल्ला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामकिशोर मिश्रा, मार्तंड देव बुंदेला, पार्षद रेहान मोहम्मद, रामदास जाटव, पूर्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक तिवारी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह परमार, वरिष्ठ नेता ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिव्या रानी सिंह, कांग्रेस नेता एडवोकेट अंकित शर्मा की माता जी,व स्वर्गीय पंडित दिनेश गंगेले के निधनं होने पर निवास पर पहुंचकर शोक संवेदनाएं प्रकट की।

## श्री चण्डी देवी के दो दिवसीय विराट मेला के लिए किया आमंत्रित

# बुंदेलखंड के दौरे पर निकले पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया से कुलदीप हीरा सिंह डिघौरा ने की खास मुलाकात



**गुनौर।** बुंदेलखंड अंचल की राजनीतिक और सामाजिक नब्ज टटोलने निकले मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह श्राहुल भैयाश से पन्ना प्रवास के दौरान कुलदीप हीरा सिंह डिघौरा ने सौजन्य भेंट की। इस मुलाकात के दौरान कुलदीप हीरा सिंह ने अजय सिंह को आगामी 31 मार्च से शुरू होने वाले दो दिवसीय भव्य श्श्री चण्डी देवी मेलाश के लिए सादर आमंत्रित किया। ग्राम डिघौरा में आयोजित होने वाला यह वार्षिक मेला स्व. श्री कुंवर महेंद्र प्रताप सिंह जू देव की पावन स्मृति में आयोजित किया जाता है, जो क्षेत्र की आस्था और परंपरा का प्रमुख केंद्र है।

### श्रद्धांजलि और परंपरा का संगम

कुलदीप हीरा सिंह ने चर्चा के दौरान बताया कि यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि स्व. कुंवर महेंद्र प्रताप सिंह जू देव के जनसेवा के संकल्पों को याद करने का एक माध्यम भी है। अजय सिंह ने निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए आयोजन की सराहना की और क्षेत्र के विकास व सांस्कृतिक विरासत को सहेजने पर चर्चा की। इस अवसर पर स्थानीय कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मेले को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है, जिसमें बुंदेलखंड की लोक संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

# नवरात्रि पर अमानगंज के मंदिरों में उमड़ी आस्था, ज्वाला माता मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़

**अमानगंज।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर अमानगंज क्षेत्र के देवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह से ही भक्तजन माता के दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। नगर के प्रसिद्ध ज्वाला माता मंदिर में विशेष रूप से माता बहनों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। तड़के से ही महिलाएं एवं अन्य श्रद्धालु नंगे पांव मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं और माता रानी से सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।



नवरात्रि के दौरान भक्तजन व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा कर रहे हैं। कई स्थानों पर कलश स्थापना, ज्योत प्रज्वलन और दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन किया जा रहा है। मंदिरों में जय माता दी के जयकारों से वातावरण गूंज रहा है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर समितियों द्वारा व्यवस्थाएं भी की गई हैं, ताकि दर्शन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

नवरात्रि के इन पावन दिनों में अमानगंज क्षेत्र पूरी तरह भक्ति और आस्था में सराबोर नजर आ रहा है।

# जिगनी ग्राम पंचायत की सरपंच रानी लोधी का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**पन्ना।**

जिले के अजयगढ़ जनपद क्षेत्र अंतर्गत जिगनी ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती रानी लोधी (पति राजकुमार उर्फ राजू सिंह लोधी), उम्र लगभग 50 वर्ष, निवासी बल्दुपुरवा का लंबी बीमारी के चलते गुरुवार शाम लगभग 8रू00 बजे जिला चिकित्सालय पन्ना में दुखद निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि श्रीमती रानी लोधी पिछले कुछ समय से गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं और उनका उपचार जिला चिकित्सालय पन्ना में चल रहा था। बावजूद इसके, चिकित्सकों के प्रयासों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। रानी लोधी एक सक्रिय एवं जनप्रिय जनप्रतिनिधि थीं, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान ग्राम पंचायत जिगनी के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। वे ग्रामीणों के बीच अपनी सरलता, मिलनसार स्वभाव और सेवा भाव के लिए जानी जाती थीं। उनके आकस्मिक निधन से पंचायत क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन पर राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा पन्ना एवं लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोर्स फाउंडेशन पन्ना द्वारा गहरा शोक व्यक्त किया गया है। दोनों संगठनों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने भी उनके निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। अंतिम संस्कार की तैयारी उनके गृह ग्राम बल्दुपुरवा में दिनांक 20 मार्च 2026 को 10:00 बजे किया जाएगा, जहां बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिवारजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।

### विद्युत लाइन के नीचे न रखें कटी फसल

**पन्ना।** विद्युत विभाग द्वारा सभी कृषक उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि अपनी फसल को विद्युत लाइन के नीचे एकत्र करके न रखें, क्योंकि ग्रीष्मकाल के दौरान वर्तमान में स्थापित विद्युत अधोसंरचना पर भार बढ़ना शुरू हो गया है, जिससे अत्यधिक लोड के कारण कंडेक्टर टूटने और शार्ट सर्किट की स्थिति बन सकती है। कार्यपालन अभियंता अमितेश कुमार मिश्रा ने भीषण गर्मी में किसी भी प्रकार के विद्युत लाइन के नीचे फसल एकत्र नहीं करने के लिए कहा है, जिससे कोई अपूर्णीय क्षति न हो।

# वैश्य महासम्मेलन का स्थापना दिवस उत्साह के साथ संपन्न, मनीष गुप्ता बने नगर अध्यक्ष



**पन्ना।** विक्रम संवत 2083 के पावन अवसर पर चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि को वैश्य महासम्मेलन का स्थापना दिवस गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में पन्ना नगर में एक विशाल श्वैश्य चेतना वाहन रैलीश का आयोजन किया गया, जिसमें संपूर्ण वैश्य समाज ने एकजुट होकर अपनी शक्ति और एकता का परिचय दिया।

### विशाल वाहन रैली से गूँजा नगर

स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित इस वाहन रैली में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जहाँ समाज की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वैश्य समाज को संगठित करना और सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता लाना रहा।

नई कार्यकारिणी की घोषणा- मनीष गुप्ता को मिली नगर की कमान इस विशेष अवसर पर वैश्य महासम्मेलन जिला पन्ना के अध्यक्ष मनोज केसरवानी ने जिला एवं नगर कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा की। मिलनसार व्यक्तित्व और समाज सेवा में सदैव तत्पर रहने वाले बड़े बाजार निवासी मनीष गुप्ता (केसरवानी) को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष श्री मनोज केसरवानी ने नवनियुक्त नगर अध्यक्ष मनीष गुप्ता को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समस्त वैश्य समाज को एकजुट करने और संगठन के विस्तार में उन्हें जिला इकाई का पूर्ण मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त होगा।

### समाज ने किया भव्य स्वागत -

मनीष गुप्ता के नगर अध्यक्ष बनने पर उपस्थित समस्त स्वजातीय बंधुओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम के अंत में समाज के गौरव को अक्षुण्ण रखने और संगठन की मजबूती के लिए सामूहिक शपथ ली गई।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण



**पन्ना।** उच्च न्यायालय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शरत चन्द्र सक्सेना द्वारा शुक्रवार को जिला जेल पन्ना का औचक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उन्होंने जेल किचिन में भोजन व्यवस्था, खाने और बंदियों के लिए उपयोग में लाए जा रहे अनाज की गुणवत्ता देखी। साथ ही पुरूष एवं महिला बैरक, जेल अस्पताल, व्हीसी कक्ष, कियोस्क एवं मुलाकात कक्ष व उद्यमिता कक्ष इत्यादि का भी पृथक-पृथक निरीक्षण कर स्वच्छता और हाईजीन के संबंध में सूक्ष्म जानकारी भी ली। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सक्सेना द्वारा निरीक्षण के दौरान पाकशाला में रोटियां रखने के लिए फाइबर पात्र व टोकरी की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के उपरांत सभी बंदियों से मुक्त चर्चा कर उनकी समस्याओं व प्रकरणों के बारे में जानकारी ली गई तथा समस्याओं के निराकरण के लिए जेल अधीक्षक जी.के. सिंह को निर्देशित किया गया। इसके अलावा उचित मामलों में न्यायालय व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय में अपील के लिए निःशुल्क निर्णय प्रति प्रदान करने के लिए भी कहा एवं यूटीआरसी द्वारा अनुशंसित बंदियों के जमानत व रिहाई के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों में वांछित सुधार के लिए जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया। निरीक्षण कार्यक्रम में प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी बंदियों को निरीक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी को अमल में लाने के लिए प्रेरित किया गया।

## खबर संक्षेप



### चौक बाजार में सजा राम दरबार, आरती में उमड़ा जनसैलाब

**छतरपुर।** शहर के चौक बाजार स्थित श्री राम दरबार सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य राम दरबार की स्थापना की गई है। प्रतिदिन रात 8 बजे आयोजित होने वाली आरती में हजारों श्रद्धालु पहुंचकर भगवान श्रीराम की आराधना कर रहे हैं। रामनवमी तक यह दरबार श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बना रहेगा, जहां लगातार धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। समिति के सदस्य चौबे चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की परंपरा अनुसार इस बार भी राम दरबार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 23 मार्च सोमवार को दोपहर 2 बजे से आयोजित होगा, जिसमें समिति के सदस्य सहित आम नागरिक भी स्वेच्छा से रक्तदान कर सकेंगे।

### अचानक बारिश, किसान चिंतित; प्रदेश के 34 जिलों में अलर्ट

**छतरपुर।** गुरुवार रात शहर में मौसम ने अचानक करवट ली और लोगों को गर्मी से राहत मिली। दिनभर भीषण गर्मी से परेशान रहने के बाद शाम होते-होते आसमान में बिजली चमकने लगी। इसके साथ ही तेज हवाओं का दौर शुरू हुआ और हल्की बूंदाबांदी हुई। रात के इस मौसम परिवर्तन के कारण शुक्रवार सुबह ठंडक महसूस की गई, हालांकि दोपहर में तेज धूप निकलने से गर्मी फिर बढ़ गई। इस अचानक बदलाव से आमजन के साथ-साथ किसान भी चिंतित नजर आ रहे हैं। पूरे मध्य प्रदेश में मौसम ने उग्र रूप धारण कर लिया है। बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और तेज आंधी ने जनजीवन को प्रभावित किया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 34 जिलों में अलर्ट जारी किया है। सिवनी, मंडला, बालाघाट, दतिया, निवाड़ी और टीकमगढ़ सहित कई जिलों में ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है, जिससे फसलों को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। राजधानी भोपाल में भी तेज बारिश दर्ज की गई। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार हवाओं की रफ्तार 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। 22 मार्च के बाद मौसम सामान्य होने और तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की संभावना है। फिलहाल लोगों को सतर्क रहने तथा खुले में निकलने से बचने की सलाह दी गई है।

### प्रेमानंद जी महाराज के जन्मोत्सव पर हुआ सुंदरकाण्ड पाठ



**छतरपुर।** जिले की नौगांव जनपद अंतर्गत आने वाले पर्यटक ग्राम मऊसहानियां स्थित प्रसिद्ध धनुषधारी मंदिर में बीती शाम एक भव्य आध्यात्मिक समागम का आयोजन किया गया। प्रेमानंद जी महाराज के जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर में भक्ति और संगीत की विशेष प्रस्तुति दी गई। आयोजन समिति के विशाल अरजरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बस स्टैंड स्थित धनुषधारी मंदिर में सायं 07:00 बजे से विशाल संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में भजन गायकों द्वारा प्रभु श्री राम और भक्त शिरोमणि हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया गया, जिसके बाद आरती और फिर भव्य प्रसाद वितरण किया गया। धनुषधारी मंदिर समिति और समस्त भक्तगणों के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

# जंगल में अवैध उत्खनन कर रही मशीन को वन विभाग ने पकड़ा

## वन विभाग ने दर्ज किया मामला, साठगांठ में लगे छुटभैया नेता



**छतरपुर।** वन परिक्षेत्र बक्सवाहा के कक्ष क्रमांक 257 में 13 मार्च 2026 को जेसीबी मशीन से अवैध खुदाई और अतिक्रमण का मामला सामने आने के बाद वन विभाग ने मशीन जब्त कर प्रकरण कायम किया। इस घटना में पीओआर क्रमांक 954/22 दर्ज की गई तथा भारतीय वन अधिनियम 1927धारा 33(1) ग़ के तहत कार्रवाई शुरू की गई। हालांकि अब इस पूरे घटनाक्रम पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या वन क्षेत्र की वास्तविक तबाही को कम करके दिखाने की कोशिश की जा रही है। क्षेत्र के छुटभैया नेता मामले को निपटाने में लगे हैं, हालांकि विभागीय अधिकारी किसी भी रियायत से इनकार कर रहे हैं।

विवेचना के दौरान सामने आया कि लगभग आधा हेक्टेयर वन भूमि को भारी नुकसान पहुंचाया गया और भूमि का प्राकृतिक स्वरूप पूरी तरह बदल दिया गया। क्षतिग्रस्त वन संपदा में 0-20 गोलाई की करीब 500 झाड़ियां नष्ट हुईं, 21-30 गोलाई के 25 पलास के पेड़, 31-45 गोलाई के 15 पलास के पेड़, 46-60 गोलाई के 2 पलास के पेड़ तथा एक 46-60 गोलाई का काकर का पेड़ शामिल है। इतनी बड़ी क्षति के बावजूद आरोप है कि पीओआर में भारी और बड़े पेड़ों की वास्तविक क्षति का पूरा विवरण नहीं दर्ज किया गया।

सूत्रों के अनुसार मौके पर पेड़ों की विधिवत नाप नहीं की गई और क्षति का संपूर्ण ब्यौरा पीओआर में शामिल नहीं हुआ। स्थल की जीपीएस/जीएचएस रीडिंग सहित फोटो और वीडियो साक्ष्य उपलब्ध होने की बात कही जा रही है। यदि ये तथ्य सही साबित होते हैं तो यह मामला मात्र वन अपराध नहीं रह जाता, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही या संभावित मिलीभगत की आशंका को भी जन्म देता है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी तेज है कि क्या प्रकरण को सीमित धाराओं में दर्ज कर गंभीर नुकसान को हल्का दिखाने का प्रयास किया गया। इस मामले में जब बक्स्वाहा रेंजर लव प्रताप सिंह को फोन किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

कार्रवाई मुख्य वन संरक्षक के निर्देश पर उप वन मंडल अधिकारी रामकुमार एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी लव प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में की गई। जब्ती की कार्यवाही बीट प्रभारी भागीरथ रैकवार एवं बीट गार्ड राजेश बिल्थरे द्वारा अंजाम दी गई। अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या पूरे नुकसान का पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा, क्या उच्च स्तरीय स्वतंत्र जांच बैठाई जाएगी या मामला केवल कागजों तक सीमित रह जाएगा।

जनता पूछ रही है कि जंगल बचेगा या फाइलें। लगभग आधा हेक्टेयर जंगल की क्षति, सैकड़ों झाड़ियों का विनाश, मापन प्रक्रिया पर सवाल और दर्ज धाराओं को लेकर उठती शंकाएं — यह मामला अब पारदर्शिता और जवाबदेही की कड़ी परीक्षा बन चुका है।

**इनका कहना है -**

अवैध उत्खनन कर रही मशीन पकड़ी गई थी। कार्रवाही की गई, मशीन छोडऩे की खबर गलत है।

**नरेश यादव**
**सीसीएफ, वन विभाग, छतरपुर**



## याचना नहीं अब रण होगा, प्रशासन के खिलाफ किसानों का फूटा आक्रोश

**छतरपुर।** जय किसान संगठन द्वारा आयोजित किसान महापंचायत में सैकड़ों गांवों से हजारों किसानों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। नवरात्रि पर्व के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली, कई महिलाएं छोटे बच्चों के साथ कार्यक्रम में पहुंचीं। महापंचायत में प्रभावित गांवों के साथ अन्य क्षेत्रों के लोगों ने भी किसानों के समर्थन में आवाज बुलंद की। मंच से सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर ने तीखे तेवर अपनाते हुए कहा कि अब याचना नहीं, अब रण होगा और इसे किसानों के सम्मान व अस्तित्व की लड़ाई बताया। कार्यक्रम के बाद आक्रोश रैली श्री हरी वाटिका से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची, जहां किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। किसानों ने एडिशनल एसपी आदित्य पटेल को प्रधानमंत्री के नाम 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में केन-बेतवा लिंक परियोजना सहित अन्य सिंचाई परियोजनाओं से हो रहे विस्थापन, मुआवजे में अनियमितता और भू-अधिग्रहण कानून 2013 के उल्लंघन के आरोप लगाए गए। किसानों का कहना है कि बिना मुआवजा दिए फसलें नष्ट की जा रही हैं और मकान गिराए जा रहे हैं। ज्ञापन में उच्च स्तरीय जांच, दोषियों पर सख्त कार्रवाई, जबरन विस्थापन पर रोक और प्रभावित किसानों के उचित पुनर्वास की मांग की गई। महापंचायत के दौरान कई किसानों ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए भावुक होकर विरोध दर्ज कराया।

# गोरगांय के पास बस की टक्कर से महिला की मौत, बेटा-बहू घायल

**छतरपुर-ओरछा रोड पर भीषण सड़क हादसा, तीनों बाइक सवार नौगांव जा रहे**



**छतरपुर। छतरपुर-ओरछा रोड थाना क्षेत्र के गोरगांय के पास शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में मां सोना शिवहरे पत्नी बालादीन शिवहरे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके बेटे राजू शिवहरे और बहू पुनीता शिवहरे गंभीर रूप से घायल हो गए।**

बताया जा रहा है कि तीनों बाइक से नौगांव की ओर जा रहे थे। अचानक सामने से आ रही बस ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार पूरी तरह बिखर गए। सोना शिवहरे की मौके पर ही दम तोड़ गईं, जबकि राजू और पुनीता को गंभीर चोटें आईं। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस सुरक्षा उपाय नहीं किए गए। परिवार के परिजनों में इस हादसे से कोहराम मचा हुआ है। प्रशासन से मृतका के परिजनों को उचित मुआवजा और घायलों के बेहतर इलाज की मांग की जा रही है। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश जारी है।

## एस्सार ग्रुप के डायरेक्टर ने संभाली कैंसर अस्पताल निर्माण की जिम्मेदारी

# बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ

**3 किलोमीटर लंबी बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य पूर्ण**

अपनी टीम के साथ डायरेक्टर रुइया पहुंचे धाम, बालाजी के किए दर्शन, महाराज श्री का लिया आशीर्वाद



**छतरपुर।** दवा और दुआ का फार्मूला साथ-साथ चलाने वाले बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की मंशा के अनुरूप गत वर्ष जिस कैंसर अस्पताल की आधारशिला देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखी गई थी उस अस्पताल का अब विधिवत निर्माण कार्य शुरू हो रहा है। एस्सार ग्रुप के डायरेक्टर प्रशांत रुइया ने इस कार्य को अपने हाथों में लिया है। शुक्रवार को वे अपनी टीम के साथ बागेश्वर धाम पहुंचे जहां उन्होंने बालाजी के चरणों में शीश झुकाते हुए बागेश्वर महादेव को प्रणाम किया, इसके बाद उन्होंने महाराज श्री के दर्शन किए। अब तक कैंसर अस्पताल की बाउंड्रीवाल का कार्य चल रहा था जो लगभग पूर्ण हो चुका है। करीब 3 किलोमीटर लंबी चहारदिवारी बनाकर अस्पताल क्षेत्र को चिन्हित कर दिया गया है।

अस्पतालों में मंदिर कई जगह देखने को मिल गए होंगे लेकिन सिद्ध पीठ बागेश्वर बालाजी के मंदिर में अस्पताल बनाने का सपना बागेश्वर महाराज ने देखा था। सद्गुरु भगवान सन्यासी बाबा के आशीर्वाद से क्षेत्र ही नहीं प्रदेश और प्रदेश भर के गरीब व जरूरतमंद कैंसर पीड़ित लोगों को राहत देने के उद्देश्य से बागेश्वर बालाजी कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर के निर्माण की शुरुआत की जा रही है। बागेश्वर धाम जन सेवा समिति की देखरेख में बनने वाले इस विशाल अस्पताल को बनाने का दायित्व एस्सार ग्रुप के प्रशांत रुइया ने लिया है। अस्पताल के तैयार हो जाने से आने वाले समय में लाखों लोगों के लिए यह जीवनदायी साबित होगा।

### डेढ़ साल में तैयार होगा अस्पताल

एक अनुमान के मुताबिक अस्पताल के मुख्य ढांचे को तैयार करने में 18 से 20 माह लगेंगे। बागेश्वर धाम जन सेवा समिति के सचिव राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि लगातार बढ़ रहे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के मरीजों को देखकर महाराज श्री ने यह बड़ा निर्णय लिया है। अस्पताल के मुख्य ढांचे का निर्माण कार्य शुरू होने से डेढ़ साल में इसके बनकर तैयार होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि एस्सार ग्रुप ने भी भरोसा दिया है कि निर्धारित समय सीमा में इसे तैयार करने की भरपूर कोशिश करेंगे।

### गरीब और जरूरतमंदों के लिए वरदान बनेगा अस्पताल

यह कैंसर अस्पताल बुंदेलखंड क्षेत्र ही नहीं पूरे प्रदेश और देश के गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों के लिए वरदान साबित होगा, जहाँ उन्हें आधुनिक और सुलभ उपचार सुविधाएँ मिल सकेंगी। यह पहल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगी बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी नई दिशा देगी।

# संगम सेवालय द्वारा गौरैया संरक्षण हेतु विस्तृत जागरूकता संगोष्ठी आयोजित




**छतरपुर।** पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता के संवर्धन के उद्देश्य से संगम सेवालय द्वारा आज गौरैया संरक्षण विषय पर एक विस्तृत जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य तेजी से विलुप्त हो रही गौरैया (हाउस स्पैरो) के संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना एवं लोगों को इसके संरक्षण हेतु व्यावहारिक उपायों से जोडऩा था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पुष्पेन्द्र खरे उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि गौरैया केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरण संतुलन की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने बताया कि शहरीकरण, मोबाइल टावरों से निकलने वाले विकिरण, पेड़ों की कटाई एवं पारंपरिक घरों के अभाव के कारण गौरैया की संख्या में निरंतर गिरावट आ रही है। अतः हम सभी का दायित्व है कि इसके संरक्षण हेतु छोटे-छोटे प्रयास करें।कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के रूप में डॉ. दीप्ति शर्मा, शंकर लाल सोनी, पाखी शुक्ला एवं इंदु प्रभा खरे ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने बताया कि यदि हम अपने घरों की बालकनी या छत पर घोंसले लगाएं, नियमित रूप से दाना-पानी की व्यवस्था करें एवं रासायनिक प्रदूषण को कम करें, तो गौरैया के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों और युवाओं को इस अभियान से जोडने पर विशेष बल दिया।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश चंद्र जैन द्वारा एक सराहनीय पहल की गई, जिसके अंतर्गत बच्चों को गौरैया के लिए सुरक्षित और सुंदर घोंसले बनाना सिखाया गया। बच्चों द्वारा तैयार किए गए घोंसलों का प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने काफी सराहा। इस रचनात्मक कार्य के लिए बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे उनमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति और अधिक उत्साह उत्पन्न हुआ।कार्यक्रम में विपिन अवस्थी, अंजू अवस्थी, संविदा अवस्थी, डॉ. स्वतंत्र शर्मा, के. एन. सोनम, विमला सोमन, नीलम पाण्डेय, दिल्ला राम अहिरवार, लखन लाल अग्रवाल, प्रमोद खरे, किरण मिश्रा, प्रतीक्षा अर्जरिया नीतू सिंह एवं कल्पना चौरसिया सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जन-आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम का संचालन अजय चतुर्वेदी द्वारा प्रभावी एवं सुव्यवस्थित रूप से किया गया। अंत में संगम सेवालय के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। संगम सेवालय द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर समाज को पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। संस्था का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना ही नहीं, बल्कि लोगों को व्यवहारिक स्तर पर जोड़कर एक सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

# आईजी हिमानी खन्ना ने किया नए पुलिस कंट्रोल रूम का शुभारंभ

**1.86 करोड़ की लागत से बना आधुनिक कंट्रोल रूम, शहर की सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत**



**छतरपुर। शहर की कानून-व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस लाइन परिसर में नवनिर्मित पुलिस कंट्रोल रूम का शुभारंभ किया गया। सागर रेंज की आईजी हिमानी खन्ना ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा डीआईजी विजय खत्री के साथ मिलकर फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।**

आईजी हिमानी खन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि यह नया पुलिस कंट्रोल रूम छतरपुर शहर के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है। इससे पुलिस की कार्यक्षमता, संचार व्यवस्था और निगरानी प्रणाली में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने बताया कि लगभग 1 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत से पुलिस हाउसिंग द्वारा निर्मित यह दो मंजिला आधुनिक भवन कुल 9 कक्षों से सुसज्जित है। यहां अत्याधुनिक संचार उपकरण, सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम और अन्य उच्च तकनीकी उपकरण स्थापित किए गए हैं। आईजी ने आगे कहा कि आने वाले त्योहारों, चुनावी व्यवस्थाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर यह कंट्रोल रूम केंद्रीकृत संचालन केंद्र के रूप में कार्य करेगा। यहां से पूरे शहर की गतिविधियों पर निरंतर नजर रखी जाएगी और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने भवन का विस्तृत निरीक्षण किया तथा स्थापित व्यवस्थाओं की सराहना की।

### पुलिस बैरक का आईजी ने किया शिलान्यास

छतरपुर पुलिस लाइन परिसर में पुलिस जवानों के लिए आवश्यक सुविधाओं एवं बेहतर आवासीय व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए नई पुलिस बैरक निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई थी। इसी क्रम में आज पुलिस लाइन परिसर में 60 बेड क्षमता वाली तीन मंजिला पुलिस बैरक के निर्माण हेतु शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन डॉ. श्रीमती हिमानी खन्ना, पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर रेंज विजय कुमार खत्री एवं पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा शिलान्यास किया गया। शिलान्यास उपरांत बैरक निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा, जिससे पुलिस जवानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# हत्या के प्रयास मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**छतरपुर। वर्ष 2017 में सरानी निवासी सुनील पाठक पर कौशल किशोर पाठक द्वारा अवैध हथियार से फायर कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास (धारा 307) का मामला दर्ज किया था।**

लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस को सफलता उस समय मिली जब उसे सटई रोड क्षेत्र से धर दबोचा गया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध कट्टा एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। सिटी कोतवाली पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है। आरोपी के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# ‘परिवर्तन एनजीओ की अनूठी पहल: समर कैंप से बच्चों के सपनों को मिल रही नई उड़ान



**छतरपुर।** ग्राम पीरा के बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से परिवर्तन इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा एक साप्ताहिक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। 13 मार्च से 21 मार्च 2026 तक चलने वाला यह शिविर पीरा स्थित परिसर में आयोजित हो रहा है। संस्था प्रमुख पंडित सुधीर शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को डिजिटल स्क्रीन की सीमित दुनिया से बाहर निकालकर प्रकृति, खेल और कला के करीब लाना है। साथ ही उनमें शारीरिक स्फूर्ति, मानसिक विकास और रचनात्मक कौशल का समुचित विकास करना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ सकें।इस समर कैंप को इस तरह तैयार किया गया है कि बच्चे सीखने के साथ-साथ भरपूर आनंद भी ले सकें। खेल और रोमांच से जुड़ी गतिविधियों में फुटबॉल, तैराकी, बैडमिंटन तथा टेंट कैंपिंग जैसे अनुभव शामिल हैं, जो उनमें साहस और टीम भावना को मजबूत बनाते हैं। वहीं कला और संगीत के क्षेत्र में पेंटिंग, गायन तथा ड्रम और गिटार जैसे वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खुले आसमान के नीचे पतंगबाजी और विभिन्न आउटडोर एडवेंचर गतिविधियां भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं, जिससे प्रतिभागियों को प्रकृति से जुडऩे का अनमोल अवसर मिल रहा है।

इस आयोजन को सफल बनाने में वीरेंद्र सिगोट एवं आरती वर्मा का प्रमुख सहयोग रहा है, जिनके सक्रिय प्रयासों से शिविर को बेहतर स्वरूप मिल सका है। आयोजकों का मानना है कि आज के दौर में बच्चे मोबाइल और टीवी तक सीमित होते जा रहे हैं, ऐसे में इस प्रकार के आयोजन उन्हें शारीरिक रूप से सक्रिय बनाने के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और सामूहिकता की भावना विकसित करने में सहायक सिद्ध होते हैं। यह पहल बच्चों के सुनहरे भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम मानी जा रही है।

# रीवा में अवैध खनन का कहरः ब्लास्टिंग से दहशत, ग्रामीणों का पलायन पर मजबूर परिवहन को लेकर आए दिन हो रहे खूनी संघर्ष, खनिज अमला बना अनजान




रीवा। जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बैजनाथ गांव में अल्ट्राटेक सीमेंट की खनन और ब्लास्टिंग से ग्रामीणों का जीवन खतरे में है। अवैध और जोरदार ब्लास्टिंग से घरों में पत्थर गिरने और दरारें आने के कारण लोग पलायन को मजबूर हैं। विरोध करने पर दबंगों द्वारा जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगे हैं, जिसकी शिकायत कलेक्टर और एसपी से की गई है। बैजनाथ गांव में भारी मशीनरी से पत्थर उत्खनन और तेज धमाके। इतना ही नहीं घरों में पत्थर गिरना, दीवारों में दरारें, और दहशत के के कारण घर छोड़ने की मजबूरी बनती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि विरोध करने पर कट्टा दिखाकर धमकी दी जाती है। वहीं ग्रामीणों ने कलेक्टर और एसपी से अवैध ब्लास्टिंग को तत्काल रोकने और दोषियों पर कार्रवाई की गुहार लगाई है। बता दे जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बैजनाथ, भोलगढ़, खम्हरिया, हिनौती, नरौरा, छिजवार, मध्येपुर क्षेत्र में लगभग आधा सैकड़ा से अधिक स्टोन क्रेशरों का संचालन किया जा रहा है। खास बात यह है कि इनके पास पत्थर खनन के लिए जमीन की लीज कम है। ऐसे में यह अपने जमीनों के पत्थर बचाने के लिए अवैध उत्खनन का कारोबार करते हैं। बल्कि बैजनाथ एवं मध्येपुर क्षेत्र में अल्ट्राटेक कंपनी की खदानों से पत्थर का खनन कर परिवहन किया जाता है। सीमेंट कंपनी में अनुबंधित सुरक्षा एजेंसी की सह पर यह सब कारोबार किया जाता है। इतना ही नहीं ग्रामीण जब विरोध करते हैं तो उन्हें धमकी मिलती है। अवैध परिवहन एवं उत्खनन के चलते आधा दर्जन गांव के रहवासी दहशत में रहते हैं। बताया गया है कि पत्थर के अवैध उत्खनन का विरोध करने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत लालजी केवट पिता रामविश्वास केवट, वीरेन्द्र केवट एवं बद्री केवट ने चौकी में दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि अल्ट्राटेक कंपनी के खनिज क्षेत्र से अवैध पत्थर उत्खनन व परिवहन स्थानीय स्टोन क्रेशरों में आपूर्ति करने वाले खनिज माफिया अशोक केवट एवं संजय केवट एवं अन्य लोगों ने मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे सभी घायल हो गए हैं। पीड़ितों की शिकायत पर नौवस्ता पुलिस जांच कर रही है।जनसुनवाई में पहुंचा मामलावैजनाथ निवासी जगदीश केवट एवं रतन केवट ने बताया कि कई बार इस मामले की शिकायत कलेक्टर एवं जनसुनवाई में की गई है। इसके बाद भी अवैध खनिज को निकासी एवं ब्लास्टिंग पर रोक नहीं लगाई गई है। मजे की बात यह है कि खनिज विभाग भी पूरी तरह से खनिज माफियाओं के सामने नतमस्तक नजर आ रहा है। उन पर कार्रवाई करने बजाय खनन माफिया को सरंक्षण दिया जाता है जिससे उनके हौसले बुलंद है। यहीं नहीं जब ग्रामीण अवैध खनन को लेकर आवाज उठाते है तो उन्हें गांव से निकाल देने तक की धमकी दी जाती है।बिना नंबर के दौड़ते हैं हाईवागौर तलब है कि खनिज माफिया के हौसले इस कदर बुलंद है कि वह कभी भी किसी को अपना शिकार बना सकते हैं। हालात यह है कि ओवर लोड हाईवा बोल्डर लेकर सड़कों पर मौत बनकर दौड़ते हैं। हादसे के बाद इन वाहनों का नंबर तक लोगों को नहीं मिल पाता है। वहीं पुलिस भी कोई कार्रवाई नहीं करती है। सूत्रों की माने तो मौत बनकर दौड़ रहे हाईवा वाहनों में आगे और पीछे नंबर प्लेट नहीं लगी रहती। जिसका फायदा खनिज माफिया उठाता रहता है। जांच के नाम पर खानिज विभाग केवल खानापूर्ति करता है।

# पुण्य-तिथि मनाईः आचार्य कृपलानी अगर कांग्रेस में बने रहते तो प्रधानमंत्री होते : प्रहलाद सिंह कृपलानी ने सत्ता में भागीदार बनने की जगह जनता को जगाने का काम किया : अजय खरे



रीवा। समता सम्पर्क अभियान एवं पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत जिला रीवा के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय सिंधु भवन में स्वतंत्रता आंदोलन के महा योद्धा विचारक एवं लोकतंत्र के प्रहरी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निकटतम सहयोगी आचार्य जेबी कृपलानी की 44 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक विचार संगोष्ठी सरदार प्रहलाद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत जिला रीवा के सचिव शंकर सहानी ने किया। अध्यक्षीय भाषण में श्री प्रहलाद सिंह ने कहा कि देश की आजादी के समय आचार्य कृपलानी कांग्रेस के अध्यक्ष जैसे प्रमुख पद पर विराजमान थे। यदि वह कांग्रेस से अलग होकर किसान मजदूर प्रजा पार्टी नहीं बनाते तो वह कभी भी प्रधानमंत्री बन सकते थे। उनका पूरा जीवन बेदाग रहा और उन्होंने पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया।समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि चंपारण आंदोलन में महात्मा गांधी का साथ देने के लिए वो पहली बार जेल गए और इस दौरान उन्होंने इतिहास के प्रोफेसर पद से इस्तीफा दे दिया। भारतीय संविधान के निर्माण में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आचार्य कृपलानी संयुक्त प्रांत से संविधान सभा क लिए चुने गए थे । वे मौलिक अधिकारों पर उप-समिति के अध्यक्ष थे। संविधान सभा में उन्होंने प्रस्तावना पर भाषण दिया। श्री खरे ने बताया कि बताया कि आजाद भारत में कृपलानी जी कभी भी सत्ता के इर्द-गिर्द नहीं रहे। बल्कि आपातकाल में जेल में निरुद्ध रहे। कृपलानी जी ने कहा था कि सत्ता बेलगाम होती है, जनता की संगठित ताकत उसके लिए लगाम है। इसलिए लगातार जनता को संगठित करके सत्ता को बेलगाम नहीं होने देना। उनका यही संदेश लोकतंत्र को बचा सकता है।आचार्य कृपलानी बहुत बड़े गांधीवादी थे। उन्होंने कभी आँख मूँदकर गांधी का अनुसरण नहीं किया। एक बार कृपलानी ने गांधी के बारे में कहा था,'ऐसे शख्स से असहमत होने का क्या फ़ायदा जिसकी सैकड़ों बार परीक्षा ली जा चुकी है और जो हर बार उस परीक्षा में खरा उतरा है।नारी चेतना मंच की नेत्री नजमुन्निशा डॉ श्रद्धा सिंह , साक्षी महंत मोटवानी ने बताया कि आचार्य जे.बी. कृपलानी का विवाह प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और भारत की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी (सुचेता मजूमदार) के साथ अप्रैल 1936 में हुआ था। उनका विवाह सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ते हुए संपन्न हुआ। सुचेता जी उत्तर प्रदेश जैसे महत्वपूर्ण राज्य की मुख्यमंत्री रहीं। देश के लिए समर्पित जीवन जीने वाले कृपलानी दंपति ने कोई संतान पैदा नहीं की।भारतीय संविधान के निर्माण में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आचार्य कृपलानी संयुक्त प्रांत से संविधान सभा क लिए चुने गए थे । वे मौलिक अधिकारों पर उप-समिति के अध्यक्ष थे। कट्टरपंथी सांप्रदायिक शक्तियों को कभी पसंद नहीं किया। देश के विभाजन की दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति से वह विचलित थे। बंटवारे के समय हुए रक्तपात से वह बहुत दुखी थे। बंटवारे के समय दोनों तरफ के लोग बड़ी संख्या में प्रभावित हुए थे। उनकी सुरक्षा और पुनर्वास का काम एक बड़ी चुनौती बनी।वक्ताओं ने कहा कि आचार्य जे.बी. कृपलानी एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ गांधीवादी विचारक और लेखक थे। उनकी सबसे महत्वपूर्ण कृतियों में उनकी आत्मकथा माई टाइम्स और गांधीजी पर केंद्रित पुस्तक गांधीः उनका जीवन और विचार शामिल हैं। उन्होंने भारतीय राजनीति, स्वतंत्रता संग्राम और गांधीवादी विचारधारा पर कई पुस्तकें लिखी हैं। माई टाइम्स उनकी आत्मकथा है, जो उनकी मृत्यु के बाद प्रकाशित हुई थी। इसके अलावा मेरा दौर, गांधी जीवन और दर्शन ,आंखों देखी आजादी की लड़ाई ,आजादी के बाद का संघर्ष, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी, फेथफुल इयर, गांधीः दि स्टेट्समैन उल्लेखनीय हैं। उन्होंने विजिल नामक साप्ताहिक पत्रिका का संपादन प्रकाशित किया। आचार्य कृपलानी का अंतिम समय अहमदाबाद में व्यतीत हुआ और 19 मार्च 1982 को उन्होंने जीवन की अंतिम सांस ली। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से सरदार प्रहलाद सिंह, अजय खरे, बृहस्पति सिंह, संतू लाल आहूजा, शेषमणि शुक्ला, नंद लाल कोटवानी, कन्हैयालाल मंगलानी, घनश्याम दास काकवानी, नारी चेतना मंच की नेत्री नजमुन्निशा गीता महंत डॉ श्रद्धा सिंह, इतवरिया, साक्षी महंत मोटवानी,दुर्गा साकेत, डॉ प्रकाश तिवारी, दीपक गुप्ता , अशोक सोनी, विवेक पाण्डेय, इरशाद हुसैन, रमेश रमेजा,दासानंद हीरानी, जयराम गंगवानी, लक्ष्मण शिवनानी,पवन मथानी, दिलीप आसनानी, आसनदास, जयपाल पुरी, गुलाब सहानी, महेश ठारवानी, प्रकाश तरानी, शंकर सहानी, जयप्रकाश खेमचंदानी, दक्ष चुगवानी, राजकुमार ठिकवानी, विक्रम थवानी, विजय खिजवानी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर आश्रित को मिलेंगे दो लाख रुपए

रीवा। जिले में विभिन्न कारणों से बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं में कई व्यक्ति अपनी जान गवां देते हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों का भी जीवन कठिन हो जाता है। अब तक अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को सोलेशियम फण्ड से 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती थी। इसके स्थान पर हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ति प्रतिकर योजना 2022 लागू की गई है। इस योजना से अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर मृतक के आश्रितों को दो लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। योजना की मानीटरिंग के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इसमें पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। कलेक्टर इस समिति में एक स्वयंसेवी सदस्य को नामांकित करेंगे। बीमा कंपनी के अधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर पीड़ति व्यक्ति तहसीलदार अथवा एसडीएम को निर्धारित प्रपत्र में सहायता राशि के लिए आवेदन प्रस्तुत करेंगे। आवेदन पत्र के साथ दावाकर्ता के बैंक खाते की छायाप्रति, अस्पताल में उपचार कराने के बिल, घायल अथवा मृतक की पहचान तथा पता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके साथ-साथ पुलिस में दर्ज एफआईआर की प्रति, दावा करने वाले की पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रमाण पत्र, मौत की स्थिति में पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं गंभीर चोट होने पर एमएलसी रिपोर्ट देना आवश्यक होगा। इसका आवेदन करने पर संबंधित जाँच दावा अधिकारी तहसीलदार अथवा एसडीएम 30 दिवस में अपनी जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

# अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाईः नीम चौराहे के पास 50 मकानों पर चला बुलडोजर, विरोध के बीच हुई कार्यवाही



रीवा। शहर में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए नीम चौराहे के पास स्थित बस्ती में लगभग 50 अवैध मकानों को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई उस सरकारी भूमि पर की गई, जहां बीते करीब 80 वर्षों से लगभग 50 परिवार निवास कर रहे थे। प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान प्रभावित लोगों ने विरोध जताया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान लगातार जारी रखा गया। बताया जा रहा है कि करीब 2 एकड़ से अधिक शासकीय भूमि पर इन मकानों का निर्माण किया गया था। प्रशासन का कहना है कि यह अतिक्रमण लंबे समय से चला आ रहा था और इसे हटाने के लिए पूर्व में नियमानुसार नोटिस भी जारी किए गए थे। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में नगर निगम और जिला प्रशासन का अमला मौजूद रहा। साथ ही किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया था। मौके पर प्रशासन और प्रभावित परिवारों के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली। प्रभावित परिवारों का कहना है कि वे कई दशकों से यहां रह रहे हैं और अचानक इस तरह बेघर करना उचित नहीं है। उनका मांग थी कि पहले उन्हें शहर के भीतर ही वैकल्पिक व्यवस्था दी जाए, उसके बाद ही हटाने की कार्रवाई की जाए। हालांकि प्रशासन ने इस मांग को तत्काल स्वीकार नहीं किया और अभियान जारी रखा। नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला ने बताया कि करीब एक माह पूर्व सभी अतिक्रमणकारियों को बेदखली के नोटिस जारी किए गए थे। उन्होंने जानकारी दी कि इस भूमि को खाली कराने के लिए एक याचिका उच्च न्यायालय में दायर की गई थी, जिस पर न्यायालय ने वैधानिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उसी के पालन में यह कार्रवाई की गई है। प्रशासन के अनुसार, इस शासकीय भूमि पर भविष्य में नगर निगम द्वारा फायर ब्रिगेड स्टेशन और टावर निर्माण का प्रस्ताव है। इसी उद्देश्य से भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है।

# पुस्तक मेले में प्रमुख पुस्तक विक्रेताओं की भागीदारी सुनिश्चित करायें - कलेक्टर

रीवा ।

विद्यार्थियों को नई कक्षा में प्रवेश के लिए आवश्यक पुस्तकें तथा अन्य सामग्री एक ही स्थान पर प्रतिस्पर्धी मूल्य में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 22 एवं 23 मार्च को कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में जिला स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रारंभ में क्रय किये जाने वाली पुस्तके, यूनिफार्म, कापी, स्टेशनरी आदि उचित मूल्य पर सुलभ कराने के लिए प्रमुख पुस्तक विक्रेताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि पुस्तक मेले का व्यवस्थित आयोजन करायें जिससे अभिभावक व विद्यार्थी सुगमता से पुस्तकें एवं अन्य सामग्री खरीद सकें। सभी पुस्तक विक्रेता अपने स्टाल लगायें तथा पुस्तक में 10 प्रतिशत तथा स्टेशनरी में 30 से 50 प्रतिशत तक की छूट दें ताकि विद्यार्थी पुस्तके व अन्य सामग्री ले सकें। पुस्तक मेले के लिए पुस्तक मेला संचालन समिति, स्थानीय व्यवस्था समिति, व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन व लाइजनिंग की समिति के साथ ही व्यव समिति का गठन किया गया है।

## कलेक्टर ने अवैध उत्खनन पर एक करोड 68 लाख का किया जुर्माना



मऊगंज । कलेक्टर संजय कुमार जैन ने स्वीकृत क्षेत्र के बाहर बोल्डर पत्थर का उत्खनन किए जाने पर एक करोड़ 68 लाख एक हजार रुपए का अर्थशास्ति एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि जमा करने का आदेश दिया है। सोनभद्र उत्तरप्रदेश के ओबरा निवासी आशीष कुमार सिंह को ग्राम सरदमन तहसील हनुमना में स्वीकृत क्रेशर आधारित पत्थर को स्वीकृत क्षेत्र से बाहर उत्खनित किए जाने पर 84 लाख रुपए की अर्थशास्ति राशि एवं 84 लाख रुपए की पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि व एक हजार रुपए प्रशमन राशि को 15 दिवस में जमा करने का आदेश दिया है। नियत समय तक राशि जमा न करने पर वसूली की कार्यवाही भू राजस्व संहिता के उपबंधों के तहत की जाएगी।



# भगवान झूलेलाल की जयंती पर शहर में सिंधी समाज ने निकाली विशाल बाइक स्कूटी रैली

रीवा। सिंधी समाज द्वारा शुक्रवार को भगवान झूलेलाल की जयंती एवं चेटीचंड महोत्सव के अवसर पर शहर में भव्य बाइक एवं स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। उत्साह और श्रद्धा से ओतप्रोत इस रैली में बड़ी संख्या में समाज के युवक-युवतियों एवं महिलाओं ने भाग लिया। रैली का शुभारंभ सिंधु भवन से हुआ, जो शहर के प्रमुख मार्गों कॉलेज चौराहा, शिल्पी प्लाजा, बस स्टैंड एवं अस्पताल चौराहा से होते हुए पुनः सिंधु भवन पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में 'जय झूलेलाल' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। रैली में शामिल युवक एवं महिलाएं पारंपरिक सिंधी वेशभूषा में आकर्षक रूप से सुसज्जित नजर आए। इस दौरान समाज की सांस्कृतिक झलक भी देखने को मिली, जिसने राहगीरों का ध्यान आकर्षित किया। सिंधी नवयुवक मंडल, रीवा द्वारा पिछले 31 वर्षों से निरंतर इस रैली का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करना तथा सिंधी संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार करना है। चेटीचंड महोत्सव के अवसर पर शहर भर में सिंधी समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं प्रसादी वितरण जैसे कार्यक्रमों में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## उप मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी ईद की शुभकामनाएँ



रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेशवासियों को ईद की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि ईद का पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।

## आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना से डेयरी व्यवसाय का सुनहरा अवसर

रीवा । पशुपालन विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना लागू की गई है। इस योजना में 75 प्रतिशत राशि बैंक ऋण के माध्यम से दी जाती है। शेष 25 प्रतिशत राशि हितग्राही को अंशदान के रूप में देनी होती है। योजना में 7 वर्षों तक 5 प्रतिशत ब्याज की प्रतिपूर्ति अनुदान का भी लाभ दिया जाता है। इस संबंध में संयुक्त संचालक डीएस बघेल ने बताया कि योजना के लिए पशुपालक के पास कम से कम 5 पशु और एक एकड़ कृषि भूमि होना आवश्यक है। पशुओं की संख्या में वृद्धि होने पर उसी के अनुपात में कृषि भूमि का निर्धारण किया जाता है। योजना की एक इकाई में 5 भैंस होने पर 4 लाख 25 हजार रुपए तथा 5 शंकर नस्ल की गाय होने पर 3 लाख 82 हजार रुपए एवं देशी गाय होने पर 2 लाख 43 हजार 750 रुपए इकाई लागत निर्धारित की गई है। 10 दुधारू पशुओं के होने पर 10 भैंसों में 8 लाख 40 हजार, शंकर गाय के लिए 7 लाख 51 हजार रुपए तथा 10 देशी गाय के लिए 4 लाख 75 हजार रुपए इकाई लागत निर्धारित की गई है। इस योजना में सामान्य वर्ग के पशुपालक को परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अधिकतम एक लाख 25 हजार रुपए मार्जिन मनी सहायता के रूप में दिया जाता है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के हितग्राही को परियोजना लागत का 33 प्रतिशत अधिकतम 2 लाख रुपए मार्जिन मनी के रूप में दिया जाता है। पशुपालन विभाग के माध्यम से प्रकरण बैंकों में भेजे जाते हैं। बैंक से प्रकरण स्वीकृत होने के बाद हितग्राही को इकाई लागत की राशि प्रदान की जाती है। इस योजना में इकाई लागत की 75 प्रतिशत राशि पर बैंक की कुल ऋण राशि में 5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान दिया जाता है। इसकी राशि अधिकतम 25 हजार रुपए प्रतिवर्ष निर्धारित है। जिले में कई पशुपालक इस योजना से सफलतापूर्वक डेयरी इकाई संचालित कर रहे हैं।

## मिट्टी के पोषक तत्व और गुण बताता है मृदा स्वास्थ्य कार्ड

रीवा। भारत सरकार द्वारा स्वाइल हेल्थ कार्ड यानी मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत किसान सिंचित क्षेत्र में 2.5 एकड़ तथा असिंचित क्षेत्र में 10 एकड़ क्षेत्र से मिट्टी का नमूना लेकर उसकी जाँच कराते हैं। यह जाँच कृषि विभाग द्वारा की जाती है। कृषि विभाग द्वारा मिट्टी के नमूने लिए जाने पर इसकी जाँच पूरी तरह से निःशुल्क रहती है। यदि किसान स्वयं सेंपल लेकर जाता है तो मिट्टी के नमूने की जाँच के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति के किसान को तीन रुपए तथा सामान्य वर्ग के किसान को पाँच रुपए प्रति नमूना शुल्क देना होता है। मिट्टी में माइक्रो न्यूट्रेंट की जाँच कराने के लिए अनुसूचित जाति और जनजाति के किसानों को 30 रुपए तथा सामान्य वर्ग के किसानों को 40 रुपए शुल्क देना होता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसान को उसके खेती की मिट्टी के गुणों तथा पोषक तत्वों की जानकारी मिलती है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि मिट्टी के पोषक तत्व के आधार पर किसान को उचित फसल की सलाह दी जाती है। मिट्टी में यदि पोषक तत्व की कमी है तो उसके अनुरूप उर्वरक के उपयोग का सुझाव दिया जाता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसान के खेत की मिट्टी का रिपोर्ट कार्ड है। इस कार्ड में किसान का नाम, सर्वे नम्बर, खेत का रकबा आदि लिखा रहता है। प्रत्येक तीन साल में मिट्टी की जाँच कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड में दर्ज कराना आवश्यक है। हर किसान अपने प्रत्येक खेत की मिट्टी की जाँच कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड अवश्य बनवाएं।

## पुराने मामले को वापस लेने का दबाव, युवती पर हमले का प्रयास, जिला बदर आरोपी गिरफ्तार,




*रीवा।* जिला बदर आरोपी ने पुराने प्रकरण को वापस लेने के लिए युवती और उसके परिवार पर दबाव बनाया। बात न मानने पर आरोपी ने युवती पर हमले का प्रयास किया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित एजी कॉलेज तिराहे के पास की है, पीड़िता युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने कुछ समय पूर्व अंकित द्विवेदी नामक युवक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कराया था। उसी प्रकरण को वापस लेने के लिए आरोपी लगातार उस पर और उसके परिजनों पर दबाव बना रहा था। युवती के अनुसार, बीती रात वह घर में अकेली थी, तभी आरोपी उसके घर के पास पहुंचा और हमला करने का प्रयास करने लगा। किसी तरह उसने स्थिति को संभालते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी पहले से ही आपराधिक प्रवृत्ति का है और उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। उसे जिला बदर भी किया जा चुका है। फिलहाल पुलिस ने युवती की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जमानत पर बाहर आए आरोपी ने चलाई गोली, पुलिस ने किया गिरफ्तार



मऊगंज। जिले के लौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डिघवार में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक आपराधिक प्रवृत्ति के युवक ने अवैध पिस्टल से फायर कर दिया। घटना में पीड़ित युवक बाल-बाल बच गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार डिघवार निवासी सलमान खान पूर्व में भी गंभीर आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। उस पर एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपहरण करने और रीवा में किराए के कमरे में बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज था। उक्त प्रकरण में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई हुई थी, जिसके बाद वह जमानत पर बाहर आया था।बताया जा रहा है कि जमानत पर आने के बाद भी आरोपी का व्यवहार नहीं बदला और वह क्षेत्र में लोगों को धमकाने जैसी गतिविधियों में लिप्त रहा। शुक्रवार को उसने ग्राम निवासी धीरू सिंह पर अवैध हथियार से फायर कर दिया। हालांकि, धीरू सिंह इस हमले में सुरक्षित बच गए।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और लौर थाना पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी सलमान खान को गिरफ्तार कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी स्वयं लौर थाना पहुंचे और घटना की जानकारी ली।पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# उपजेल में ''वैश्विक संस्कृति प्रेम, शांति एवं सद्भावना'' कार्यक्रम का हुआ आयोजन



मऊगंज। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मऊगंज के तत्वाधान में आज उपजेल मऊगंज में "वैश्विक संस्कृतिः प्रेम, शांति एवं सद्भावना" विषय पर एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जेल अधीक्षक राकेश महोरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें जेल प्रहरी प्रेम भाई सहित समस्त जेल स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैदियों एवं उपस्थित जनों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना, आत्मचिंतन की भावना जगाना तथा उन्हें एक नई दिशा प्रदान करना था। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी मऊगंज सेवा केंद्र प्रभारी पूर्णिमा बहन ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में हुई गलतियों को स्वीकार कर परमात्मा से सच्चे दिल से क्षमा मांगना ही आत्मशुद्धि का प्रथम कदम है। उन्होंने सभी को यह संकल्प दिलाया कि भविष्य में कभी भी किसी प्रकार की बुराई या गलती को दोहराया नहीं जाएगा, बल्कि एक नए और सकारात्मक जीवन की शुरुआत की जाएगी। इसके पश्चात बीके खुशबू बहन ने राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से आत्म सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण ज्ञान प्रदान किया। उन्होंने बताया कि ध्यान के अभ्यास से व्यक्ति अपने मन को शांत कर सकता है और जीवन में स्थायी खुशी एवं संतुलन प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम में प्रोफेसर दीपक जायसवाल (हनुमना) ने "खुशनुमा जीवन एवं नशा मुक्ति" विषय पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन को अंधकार की ओर ले जाता है, जबकि सकारात्मक सोच और आत्मबल से जीवन को उज्ज्वल बनाया जा सकता है। उनके विचारों ने उपस्थित सभी को गहराई से प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को "आत्मा स्मृति" का तिलक लगाकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कराया गया तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह कार्यक्रम न केवल आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश देने में सफल रहा, बल्कि उपस्थित सभी के मन में एक नई आशा, शांति और सकारात्मकता का संचार भी कर गया।



## विक्रमोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मऊगंज। भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के गौरवशाली प्रतीक विक्रम संवत नववर्ष के उपलक्ष्य में विक्रमोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक देवतालाब गिरीश गौतम रहे। विक्रमोत्सव 2026 में सूर्य उपासना एवं सम्राट विक्रमादित्य के नाट्य मंचन का आयोजन लोगों के दिल को छू गया। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में गिरीश गौतम ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा का विक्रम संवत नववर्ष गौरवशाली इतिहास है। नववर्ष का शुभारंभ आज से ही होता है। सम्राट विक्रमादित्य के जीवन, उनकी न्यायप्रियता, वीरता, और जनकल्याणकारी नीतियों पर चलकर ही सशक्त समाज की स्थापना संभव है। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में समवेत होने का आह्वान किया। कार्यक्रम का माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख एवं ध्वज के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ हुआ। नाट्य दल द्वारा महाराजा विक्रम सिंह के नाट्यकला एवं विक्रमोत्सव कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कलाकारों का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र मिश्र ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल, कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी, महाविद्यालय के प्राचार्य सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।